# विश्वविद्यालय में टेबल टेनिस (पुरुष) प्रतियोगिता सम्पन्न

पंतनगर। 28 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय में दिनांक 24 से 27 सितम्बर 2025 तक टेबल टेनिस (पुरुष) प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अनुभाग में किया गया, जिसमें एकल वर्ग में 32 प्रतिभागियों तथा युगल वर्ग में 14 टीमों (28 प्रतिभागियों) ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला 27 सितम्बर 2025 को खेला गया जिसमें एकल वर्ग (पुरुष) में सिल्वर जुबली भवन के प्रथम एरेड़ा विजेता एवं शिवालिक भवन के लोकेश सिंह बोहरा उपविजेता रहे। वहीं युगल वर्ग (पुरुष) में सिल्वर जुबली भवन के प्रथम एरेड़ा एवं पटेल भवन के गर्वित तिवारी ने संयुक्त रूप से विजेता स्थान प्राप्त किया। उपविजेता का खिताब चित्तरंजन भवन–प्रथम के ऋषभ गोस्वामी एवं टैगोर भवन के शिवा वर्मा को मिला। प्रतियोगिता का संचालन क्लब प्रभारी एवं सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा के निर्देशन में किया गया। आयोजन में शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों एवं श्रमिकों का सहयोग सराहनीय रहा। समापन अवसर पर डा. एन.के. सिंह, प्रभारी शारीरिक शिक्षा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

